**प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र** **दिनांक: _______**

# डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, दिल्ली - एन.सी.आर.

## अर्धवार्षिक परीक्षा 2025-26

## कक्षा-पाँचवीं

## विषय-हिंदी

**समय सीमा - 2 घंटे 30 मिनट** **पूर्णांक - 60 अंक**

**सामान्य निर्देश:-**

- प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं- 'क', 'ख', 'ग', 'घ'| सभी खंड अनिवार्य हैं|
- प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।
- उत्तरपुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्न पत्र में दी गई है।
- बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर उनके सही विकल्प तथा पूर्ण उत्तर के साथ लिखिए|
- इस प्रश्न-पत्र में कुल 7 पृष्ठ हैं तथा 16 प्रश्न हैं|
- प्रश्न-पत्र के पठन हेतु 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है|

### खंड - 'क' (अपठित बोध)

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर लिखिए- 4

खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये न केवल हमें मनोरंजन प्रदान करते हैं, बल्कि हमारे शारीरिक और मानसिक विकास में भी सहायक होते हैं। खेलों से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और हमारी मांसपेशियाँ मजबूत होती हैं। यह हमारी सहनशक्ति और ऊर्जा को भी बढ़ाते हैं। खेल हमें अनुशासन सिखाते हैं। टीम में खेलने से हम सहयोग और समन्वय का महत्व समझते हैं। हार और जीत को समान रूप से स्वीकार करना सीखते हैं। यह हमें धैर्य और लगन जैसे महत्वपूर्ण गुण भी सिखाते हैं। खेल विभिन्न प्रकार के होते हैं, जैसे कि क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन और कबड्डी। कुछ खेल अकेले खेले जाते हैं, जबकि कुछ टीम में खेले जाते हैं। हर खेल के अपने नियम और महत्व होते हैं। हमें अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार किसी न किसी खेल में ज़रूर भाग लेना चाहिए। खेल न केवल हमें स्वस्थ रखते हैं, बल्कि हमें सामाजिक भी बनाते हैं। खेल के मैदान में हम नए लोगों से मिलते हैं और दोस्ती करते हैं। यह हमें एक साथ मिलकर काम करना और एक-दूसरे का सम्मान करना सिखाते हैं।

(i) मनोरंजन के अतिरिक्त खेल हमारे लिए क्यों आवश्यक है?

(क) कक्षा में आगे रहने के लिए (ग) शरीर को निरोगी रखने के लिए

(ख) खेलों में रूचि बढ़ाने के लिए (घ) अच्छी टीम बनाने के लिए

(ii) अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेल किस प्रकार लाभदायक हैं?

(क) पारिवारिक प्रेम बढ़ता है|
(ख) नए - नए दोस्त बनते हैं|
(ग) मांसपेशियाँ मजबूत होती हैं|
(घ) कक्षा में प्रथम आते हैं|

(iii) टीम में खेलना हमें क्या सिखाता है?

(क) सहयोग और समन्वय के गुण
(ख) झगड़े से अपनी बात मनवाना
(ग) अकेले रहकर प्रथम आना
(घ) अपने से बड़ों का आदर करना

(iv) खेल हमें समाज से कैसे जोड़ते हैं?

(क) अनुशासित करके
(ख) नियमों का पालन करके
(ग) विभिन्न खेल खेलना सिखाकर
(घ) नए-नए दोस्त बनाकर

**खंड- 'ख' (व्याकरण)**

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए -

(i) दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर <u>अनुस्वार</u> या <u>अनुनासिक</u> लगाइए- 1

(क) प्रशसा (ख) आगन

(ii) 'फूला न समाना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए- 1

(iii) दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर <u>नुक्ता</u> लगाइए- 1

(क) सफेद (ख) अंग्रेज

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में <u>क्रिया</u> शब्द को रेखांकित करके लिखिए- 1

(क) रीना दौड़ प्रतियोगिता में बहुत तेज़ दौड़ी|

(ख) मीना ने अपने पिताजी को पत्र लिखा|

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए-

(i) निम्नलिखित शब्दों में <u>'र' के उचित रूप</u> का प्रयोग कीजिए- 1

(क) पकाश (ख) पव

(ii) निम्नलिखित वाक्यों को उचित <u>कारक</u> चिह्न द्वारा पूरा कीजिए- 1

(क) राहुल ..................अपना काम पूरा कर लिया|

(ख) आसमान........... पतंग उड़ रही है|

(iii) 'बगीचे में रंग-बिरंगे फूल खिले हैं|' वाक्य में <u>विशेषण और विशेष्य</u> पहचानकर लिखिए- 1

(iv) दिए गए वाक्यों को उचित <u>सर्वनाम</u> शब्दों द्वारा पूरा कीजिए- 1

(क) ...................... आइसक्रीम खाना बहुत अच्छा लगता है|

(ख) माँ ने .............................. लिए स्वादिष्ट खाना बनाया|

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए -

(i) दिए गए वाक्य में रेखांकित <u>संज्ञा</u> शब्द का <u>भेद</u> बताइए - 2

(क) सरदार वल्लभ भाई पटेल ने एक अखंड <u>राष्ट्र</u> का निर्माण किया|

(ख) <u>राधिका</u> कक्षा में प्रथम आई|

(ii) 'धरती' शब्द के दो <u>पर्यायवाची</u> शब्द लिखिए - 2

(iii) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़कर <u>काल का भेद</u> लिखिए - 2

(क) भारत 15 अगस्त, 1947 को अंग्रेजों की गुलामी से आज़ाद हुआ|

(ख) क्या तुम कल शहर से बाहर जाओगे?

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए -

(i) दिए गए शब्दों के <u>वचन</u> बदलकर लिखिए- 2

(क) चादर (ख) कहानी

(ii) दिए गए शब्दों के <u>विलोम</u> शब्द लिखिए - 2

(क) नम (ख) सहयोग

(iii) निम्नलिखित <u>उपसर्ग/प्रत्यय</u> में उचित शब्द जोड़कर नए शब्द बनाइए - 2

(क) अप +......... = ...............

(ख) .............. + ता = ..............

**खंड - 'ग' (पाठ्य-पुस्तक)**

6. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए- 4

कुछ समय बाद वल्लभ भाई भी कानून की पढ़ाई के लिए इंग्लैंड गए। 1913 में वह पढ़ाई पूरी करने के बाद भारत लौट आए। उन्होंने अहमदाबाद में वकालत प्रारंभ की। थोड़े दिनों बाद ही उनकी वकालत चमक उठी। वल्लभ भाई ने सुख-सुविधाओं से भरपूर जीवन जीना प्रारंभ कर दिया। उन्हीं दिनों गांधी जी दक्षिण अफ्रीका से लौट आए थे। उन्होंने चंपारन, बिहार में नील की खेती करने वाले किसानों पर होने वाले अत्याचारों के विरोध में सत्याग्रह प्रारंभ कर दिया। वल्लभ भाई गांधी जी के सत्य, अहिंसा के सिद्धांतों से बहुत प्रभावित हुए। वह वकालत, घर-परिवार सब कुछ छोड़कर स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े। उनके नेतृत्व में गुजरात के खेड़ा जिले के किसानों ने संघर्ष करके, अंग्रेजी साम्राज्य की ईंट से ईंट बजा दी। गांधी जी ने वल्लभ भाई को 'सरदार' की उपाधि दी। कुछ ही समय में सारा देश उन्हें 'सरदार पटेल' के नाम से जानने लगा।

(i) इंग्लैंड से वल्लभ भाई कौन-सी पढ़ाई करके लौटे?

(क) वकालत की
(ख) डॉक्टर की
(ग) वैज्ञानिक की
(घ) चित्रकारी की

(ii) गांधी जी ने सत्याग्रह आंदोलन क्यों प्रारंभ किया?

(क) भारत को आज़ाद करवाने के लिए

(ख) किसानों को इंसाफ़ दिलवाने के लिए

(ग) वकालत करने के लिए

(घ) बिहार में नील की खेती करने वाले किसानों के लिए

(iii) वल्लभ भाई गांधी जी के किन सिद्धांतों से बहुत प्रभावित हुए?

(क) असत्य और हिंसा
(ख) हिंसा और सत्य
(ग) सत्य और अहिंसा
(घ) असत्य और अहिंसा

(iv) गांधी जी ने वल्लभ भाई को सरदार की उपाधि दी क्योंकि-

(क) वे इंग्लैंड से पढ़कर लौटे थे|

(ख) उनकी ओजस्वी वाणी से प्रभावित थे|

(ग) उन्होंने किसानों के लिए आवाज़ उठाई थी|

(घ) उन्होंने अंग्रेज़ी साम्राज्य को हिलाकर रख दिया था|

7. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए - 3

बीज हज़ारों आँखें मींचे
नम मिट्टी की चादर ओढ़े
महटियाए से
अपने बिस्तर में पड़े हुए हैं|
कान पकड़कर सूरज जब
हौले - से धकियाएगा
हड़बड करते भागेंगे,
मंजन कर चाय पिएँगे
धरती के रोशनदानों से वे चोरी-चोरी झाँकेंगे
हरे सूट में भौंचक्के से
एक नई दुनिया
पहचानेंगे|

(i) कवि ने बीजों को आँखें मींचे क्यों बताया है?

(क) बीजों को नींद आ रही थी|
(ख) बीज थके हुए थे|
(ग) वे मिट्टी से ढके हुए थे|
(घ) वे बाहर नहीं आना चाहते थे|

(ii) बीज किसके डर से उठकर भागेंगे?

(क) चाँद के (ख) सूरज के (ग) हवा के (घ) मिट्टी के

(iii) बीज कहाँ से झाँकेंगे?

(क) पेड़ो से (ख) पत्थरों से (ग) धरती से (घ) आसमान से

8. निम्नलिखित प्रश्नों (किन्हीं तीन) के उत्तर दीजिए । 2 x 3 = 6

(i) किस आंदोलन को सरदारी लड़ाई के नाम से जाना जाता है?
(ii) हाथी को आँगन में गिरा देख माँ ने क्या कहा?
(iii) पेड़ों की तरह हमें भी परोपकारी बनना चाहिए क्यों?
(iv) अजंता की गुफाएँ किसने और क्यों बनवाई थी?

9. निम्नलिखित प्रश्नों (<u>किन्हीं तीन</u>) के उत्तर एक वाक्य में दीजिए- 1 x 3 = 3

(i) नदी कहाँ जाकर छिप जाती है?

(ii) अजंता की गुफाएँ कहाँ स्थित हैं?

(iii) बीज की दिनचर्या को किसकी दिनचर्या के समान बताया है?

(iv) बिरसा मुंडा की मृत्यु किस बीमारी से हुई?

10. निम्नलिखित कथन किसने किससे कहा- 1

वह हमारा खजूर का पेड़ उखाड़कर भाग गया|

11. निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थान भरकर वाक्य पूर्ण कीजिए| 1x 2 = 2

(i) अजंता की गुफाओं में नीले रंग के लिए ......................... नामक पत्थर का प्रयोग किया गया|

(ii) .............................. द्वारा ज़मीन हथियाने के कारण मुंडाओं का गुस्सा बढ़ता जा रहा था|

12. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए - 1 x 2 = 2

(i) दंगल ii) उत्कृष्ट

13. निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही/गलत लिखिए - 1 x 2 = 2

(i) नदी पानी लेने पर बुरा मान जाती है ।

(ii) धरतीपटक सिंह मुखजोर सिंह से अधिक बलशाली था|

**खंड - 'घ' (रचनात्मक लेखन)**

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी <u>एक विषय</u> पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 70 से 80 शब्दों में <u>अनुच्छेद</u> लिखिए- 4

(i) पेड़ों का महत्व

- पेड़ों का जीवन में महत्व
- काटने से होने वाले नुकसान
- संरक्षण हेतु उपाय

(ii) समय का सदुपयोग

- जीवन में समय का महत्व
- दुरूपयोग से होने वाली हानियाँ
- समय का सदुपयोग ही सफलता की कुंजी

15. नीचे दिए गए विषयों में से किसी <u>एक विषय</u> का चयन कर <u>पत्र</u> लिखिए - 5

(i) अपने चाचाजी को जन्मदिन पर बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

(ii) आपके मित्र के परीक्षा में कम अंक आए है | उसे परिश्रम का महत्व बताते हुए पत्र लिखिए।

16. दिए गए चित्र को देखकर अपने मन के भावों को अनुच्छेद (50-60 शब्द) के रूप में लिखिए| 4



**डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, दिल्ली-एन.सी.आर.**

**अर्धवार्षिक परीक्षा 2025-26**

**कक्षा-पाँचवीं**

**विषय-हिंदी**

**समय सीमा - 2 घंटे 30 मिनट** **पूर्णांक - 60 अंक**

**(अंक विभाजन तथा उत्तर संकेत)**

**सामान्य निर्देश : यदि ऐसा कोई सही उत्तर जो परीक्षार्थी ने लिखा हो, परन्तु निम्नलिखित उत्तर संकेत में सम्मिलित न हो तो उसके भी यथासंभव अंक दिए जाएँ |**

| **प्रश्न क्रम** | **अपेक्षित मूल्यांकन बिंदु** | **अंक विभाजन** |
|---|---|---|
| | **खंड-'क' (अपठित बोध)** | |
| 1. | **गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर** | **(4)** |
| (i) | (ग) शरीर को निरोगी रखने के लिए | **1** |
| (ii) | (ग) मांसपेशियाँ मजबूत होती हैं| | **1** |
| (iii) | (क) सहयोग और समन्वय के गुण | **1** |
| (iv) | (घ) नए-नए दोस्त बनाकर | **1** |
| | **खंड- 'ख' (व्याकरण)** | |
| 2 | **व्याकरण आधारित प्रश्न** | **(4)** |
| (i) | (क) प्रशंसा (ख) आँगन | **½+ ½** |
| (ii) | नई साइकिल देखकर रीना फूली न समाई | | **1** |
| (iii) | (क)सफ़ेद (ख) अंग्रेज़ | **½+ ½** |
| (iv) | (क) रीना दौड़ प्रतियोगिता में बहुत तेज़ <u>दौडी</u>|<br>(ख) मीना ने अपने पिताजी को पत्र <u>लिखा</u>| | **½+ ½** |
| 3 | **व्याकरण आधारित प्रश्न** | **(4)** |
| (i) | (क) प्रकाश (ख) पर्व | **½+ ½** |
| (ii) | (क) ने (ख) में | **½+ ½** |
| (iii) | विशेषण - रंग-बिरंगे, विशेष्य - फूल | **½+ ½** |
| (iv) | (क) मुझे (ख) मेरे | **½+ ½** |
| 4 | **व्याकरण आधारित प्रश्न** | **(6)** |
| (i) | (क) जातिवाचक (ख) व्यक्तिवाचक | **1+1** |
| (ii) | धरा, भूमि | **1+1** |
| (iii) | (क) भूतकाल (ख) भविष्यत् काल | **1+1** |
| 5 | **व्याकरण आधारित प्रश्न** | **(6)** |
| (i) | (क) चादरें (ख) कहानियाँ | **1+1** |

| | | |
|---|---|---|
| (ii) | (क) शुष्क (ख) असहयोग | 1+1 |
| (iii) | (क) अप + मान = अपमान<br>(ख) मधुर + ता = मधुरता | 1<br>1 |
| **खंड- 'ग' (पाठ्य-पुस्तक)** | | |
| 6 | **गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर** | **(4)** |
| (i) | (क) वकालत की | 1 |
| (ii) | (घ) बिहार में नील की खेती करने वाले किसानों के लिए | 1 |
| (iii) | (ग) सत्य और अहिंसा | 1 |
| (iv) | (घ) उन्होंने अंग्रेज़ी साम्राज्य को हिलाकर रख दिया था\| | 1 |
| 7 | **काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर** | **(3)** |
| (i) | (ग) वे मिट्टी से ढके हुए थे\| | 1 |
| (ii) | (ख) सूरज के | 1 |
| (iii) | (ग) धरती से | 1 |
| 8. | **किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर** | **(6)** |
| (i) | ज़मींदारों द्वारा ज़मीन हथिया लिए जाने के विरुद्ध मुंडाओं ने जो आन्दोलन चलाया उसे 'सरदारी लड़ाई' के नाम से जाना जाता है \| | 2 |
| (ii) | हाथी को आँगन में गिरा देख माँ ने कहा, "बेटा घबराने की कोई बात नहीं\| अपने पिता को आने दे, उनके आते ये पागल आदमी दुम-दबाकर भाग जाएगा\| इस चूहे को झाड़ू से बाहर कर दो\|" | 2 |
| (iii) | पेड़ों की तरह हमें भी परोपकारी बनना चाहिए क्योंकि एक दूसरे की मदद करना हम सब का कर्तव्य है\| परोपकार के माध्यम से यह समाज बेहतर बन पाएगा\| | 2 |
| (iv) | अजंता की गुफाएँ वहाँ आस-पास के शहरों में रहने वाले धनी-व्यापारी और किसानों ने बौद्ध-भिक्षुओं के रहने और उपासना करने के लिए बनवाई थी \| | 2 |
| 9 | **किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर** | **(3)** |
| (i) | नदी करारों में जाकर छिप जाती है\| | 1 |
| (ii) | अजंता की गुफाएँ महाराष्ट्र में स्थित हैं\| | 1 |
| (iii) | बीज की दिनचर्या को मनुष्य की दिनचर्या के समान बताया है\| | 1 |
| (iv) | बिरसा मुंडा की मृत्यु हैजे की बीमारी से हुई\| | 1 |
| 10 | **किसने किससे कहा** | **(1)** |
| | मुखजोर सिंह के बेटे ने मुखजोर सिंह से | ½+½ |
| 11 | **रिक्त स्थान भरिए** | **(2)** |
| (i) | लेपिज़ लजूली | 1 |
| (ii) | जमींदारों | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 12 | **शब्दार्थ** | **(2)** |
| (i) | कुश्ती | **1** |
| (ii) | श्रेष्ठ | **1** |
| 13 | **गलत/सही** | **(2)** |
| (i) | गलत | **1** |
| (ii) | सही | **1** |
| **खंड - 'घ' (रचनात्मक लेखन)** | | |
| 14 | दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं का प्रयोग करते हुए 70 से 80 शब्दों में <u>अनुच्छेद</u> लिखिए -<br>• भूमिका 1 अंक<br>• विषय वस्तु 2 अंक<br>• भाषा 1 अंक | **4** |
| 15 | <u>पत्र लेखन</u><br>• आरंभिक तथा अंतिम औपचारिकताएँ 1 अंक<br>• विषय-वस्तु 3 अंक<br>• भाषा 1 अंक | **5** |
| 16 | <u>चित्र वर्णन</u><br>• प्रस्तुति 1 अंक<br>• विषय वस्तु 2 अंक<br>• भाषा 1 अंक | **4** |